भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

संख्या 391 /ई–निविदा सह ई–नीलामी/विज्ञापन/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 31 जुलाई, 2018

## विज्ञापन

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु राज्य के रिक्त राजस्व/वन क्षेत्र में उपलब्ध उपखनिज (आर0बी0एम0) के खनन क्षेत्र हेतु औद्योगिक विकास अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 1389/VII–1/ 2018/46ख/17टीसी, दिनांक 22 जून, 2018 के द्वारा जनपद अल्मोडा–2 लॉट एवं जनपद बागेश्वर–01 उपखनिज लॉट एवं शासनादेश संख्या 1027/VII–1/2018/46ख/17, दिनांक 05 जुलाई, 2018 के द्वारा जनपद उधमसिंहनगर का 01 उपखनिज लॉट को विज्ञापित किये जाने हेतु प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत निमयों के अधीन ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु पारदर्शिता पूर्ण आवंटन की कार्यवाही किये जाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई की वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in के अन्तर्गत ई–निविदा सह ई–नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक पात्र बोलीदाताओं के लिए, 5.00 हैक्टे0 तक के उपखनिज क्षेत्र "जनपद के स्थायी निवासी या स्थायी निवासियों की समिति, जो कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत हो, ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

2– विज्ञापन संख्या 646/ई0निवि0सह0ई0नीला0/विज्ञापन/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 19 जून, 2018 के द्वारा जनपद चमोली के 5.00 है0 तक (जनपद स्तर हेतु) के कुल 03 खनन लॉटों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 13.07.2018 को खोली गयी, उक्त लॉटों के बी0ओ0क्यू0 तथा टेण्डर आमंत्रण प्रपत्र में उपखनिज की मात्रा व सबंधित अन्य विवरण त्रुटिपूर्ण अंकित होने के कारण उक्त पूर्व प्रक्रिया को वापस लेते हुए निरस्त किया गया है, तथा पुनः "जनपद के स्थायी निवासी अथवा स्थायी निवासियों की समिति, जो कॉआपरेटिव सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत हो" हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

3– विज्ञापन दिनांक 06.01.2018 एवं संशोधित आदेश संख्या 1719/ई0निवि0सहई0नीला0/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 20 जनवरी, 2018 के द्वारा जनपद नैनीताल के पूर्व विज्ञापित 05 उपखनिज लॉटों के सम्बन्ध में रिट याचिका संख्या 268/एम0एस0/2018 में मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनांक 15.06.2018 के समादर में उक्त 05 उपखनिज लॉट निविदादाताओं को उपलब्ध कराये जाने के लिए पूर्व प्रक्रिया को निरस्त किया गया हैं तथा पुनः "जनपद के स्थायी निवासी अथवा स्थायी निवासियों की समिति जो कॉआपरेटिव सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत हो" हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

4– उक्त लॉटों का विवरण निम्नवत् है :–

तालिका–1

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से कम (जनपद स्तर हेतु) |
|---|---|---|
| 1. | अल्मोडा | 02 |
| 2. | बागेश्वर | 01 |
| 3. | उधमसिंहनगर | 01 |
| 4. | नैनीताल | 05 |
| 5. | चमोली | 03 |
| | कुल योग :– | 12 |

1. ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र में उपखनिज की मात्रा गुणवत्ता एवं खनन स्थल के लिए पहुंच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का परीक्षण कर बिडर स्वयं आश्वस्त हो लें। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात इस समबन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. उपखनिज लॉटों की विस्तृत जानकारी, विशेष शर्तें तथा सामान्य अनुदेश संबंधी विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in तथा uktenders.gov.in पर लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है।

3. नये इच्छुक निविदाकारों के द्वारा विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि तालिका–2 के अनुसार निर्धारित है। पूर्व में पंजीकृत वैध निविदाकारों को पुनः विभागीय वेब एप्लीकेशन पर पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। वैध पंजीकृत निविदाकार अपने 16 अंकों के पंजीकरण संख्या के द्वारा लॉट हेतु आवेदन शुल्क जमा कर प्रतिभाग कर सकते है।
4. ऑनलाईन ई–निविदा डालने तथा ई–नीलामी बोलने की विधि का पूण विवरण सेवा प्रदाता संस्था भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।
5. विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in में इच्छुक वैध पंजीकृत व्यक्ति पृथक–पृथक खनन/चुगान क्षेत्र के लिए पृथक–पृथक आवेदक शुल्क पर्वतीय क्षेत्र हेतु रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) एवं मैदानी क्षेत्र हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक – 0853 अलौह खनन धातुकर्म एवं उद्योग–00, 102–खनिज रियासत शुल्क और स्वत्व शुल्क–01–00 में जमाकर, जी0एस0टी0 एवं आयकर आगणित कर समबन्धित विभागों के लेखाशीर्षक में जमा कराकर चालान/रसीद की स्कैन प्रति अपलोड की जायेगी जिसका सम्पूर्ण दायित्व आवेदक का होगा।
6. उल्लिखित विज्ञापन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कठिनाई के निवारण हेतु श्री एस0एल0 पैट्रिक, अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई से दूरभाष (8192802321), श्री जी0डी0 प्रसाद, उपनिदेशक (8938954950), डॉ0 दीपक हटवाल, उपनिदेशक/ भूवैज्ञानिक (8192802327), हेल्प लाईन नं0– 8192802320, 8192802345 से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही दो चरणों में की जायेगी।
8. प्रथम चरण की कार्यवाही निम्मानुसार की जायेगी :–

तालिका–2

| **प्रथम चरण (ई–निविदा)–** **(दिनांक 02.08.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 03.09.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक)** | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 02.08.2018 ( बृहस्पतिवार ) |
| विभाग द्वारा uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र अपलोड के उपरान्त प्रकाशन की तिथि | दिनांक 03.08.2018 ( शुक्रवार ) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 16.08.2018 ( बृहस्पतिवार ) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 23.08.2018 ( बृहस्पतिवार ) तक सांय 03:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 06.08.2018 ( सोमवार ) मध्याह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे – भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 07.08.2018 ( मंगलवार ) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 08.08.2018 ( बुधवार ) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.08.2018 ( बृहस्पतिवार ) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 24.08.2018 ( शुक्रवार ) पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 27.08.2018 ( सोमवार ) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 28.08.2018 ( मंगलवार ) अपराह्न 01:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 28.08.2018 ( मंगलवार ) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.08.2018 ( बुधवार ) मध्याह्न 12:00 बजे से प्रारम्भ |
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 01.09.2018 ( शनिवार ) अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 03.09.2018 ( सोमवार ) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 03.09.2018 ( सोमवार ) |

31/7/18

(एस0एल0 पैट्रिक)

अपर निदेशक